प्रेस नोट ***24/02/2025***

चोरी की कॉपर वायर व बैटरी के साथ 02 शातिर चोर गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.02.2025 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रेलवे फाटक चकभदसामानोपुर के पास से मु0अ0सं0 52/25 धारा 303(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्तगण तैयब पुत्र सेराज निवासी शिवपुर गाढा व मो0 साहिद पुत्र शोएब रजा निवासी रहमत नगर थाना कोपागंज जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की 50 मीटर कॉपर वायर व 01 अदद बैटरी 12 बोल्ट बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

1. तैयब पुत्र सेराज निवासी शिवपुर गाढा थाना कोपागंज जपनद मऊ।
2. मो0 साहिद पुत्र शोएब रजा निवासी रहमत नगर थाना कोपागंज जनपद मऊ।

बरामदगी–

1. 50 मीटर कॉपर वायर।
2. एक अदद बैटरी 12 बोल्ट।

पॉक्सो एक्ट में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 24.02.2025 को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बावला पुल के पास से मु0अ0सं0 54/25 धारा 376(3),504,506 भादवि व धारा 4(2)/6 पॉक्सों एक्ट में वांछित अभियुक्त प्रदीप साहनी पुत्र हीरालाल साहनी निवासी विग्रहपुर दुबारी थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

अन्जान व्यक्ति के खाते मे गलती से भेजे गये कुल धनराशि 20,000 रुपये थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए अन्जान व्यक्ति के खाते मे गलती से भेजे गये, पीडित कौशल कुमार पुत्र संजय कुमार ग्राम कादीपुर सुहुरपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ के कुल धनराशि 20,000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना कोपागंज के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया

। साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

अपराध निरीक्षक श्री ओम प्रकाश यादव, उ0 नि0 विकास कुमार, उ0नि0 मंजेश, म0 आ0 प्रियंका मिश्रा व म0 आ0 शिवानी तिवारी थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।